# प्रदेश के 73.27 लाख परिवारों को पीडीएस के जरिये मिल रहा हैं सस्ता राशन : राज्य में 13,415 शासकीय उचित मूल्य दुकानें संचालित

**❑ प्रदेश में 64.15 लाख गरीब परिवारों को मिल रहा निशुल्क चावल**

**❑ हर जिले में शुरू होंगे मॉडल उचित मूल्य दुकान**

**❑ प्राथमिकता, अन्त्योदय, एकल निराश्रित, नि:शक्जन श्रेणी के राशनकार्डधारियों को अप्रैल 2023 से मिलेगा फोर्टिफाइड चावल**

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ राज्य में 73 लाख 27 हजार परिवारों को युनिवर्सल पीडीएस के तहत् समस्त राशनकार्डधारियों को उनकी पात्रता के अनुसार राशन का वितरण किया जा रहा है। राज्य में लगभग 64.15 लाख गरीब परिवारों को नि:शुल्क प्रदान किया जा रहा है। इनमें अनुसूचित जनजाति के 21 लाख 61 हजार परिवार, अनुसूचित जाति के 10 लाख 22 हजार से अधिक परिवार और अन्य पिछड़ा वर्ग के 34 लाख 78 हजार तथा सामान्य वर्ग के 6 लाख 65 हजार परिवार शामिल हैं। राशन कार्डधारियों को निर्बाध रूप से राशन वितरण जारी है। वर्तमान में प्रदेश में 13,415 उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से 14 लाख 49 हजार अन्त्योदय, 38 हजार 386 निराश्रित, 49 लाख 15 हजार प्राथमिकता वाले राशन कार्ड, 14 हजार नि:शक्तजन और 9 लाख 10 हजार एपीएल (सामान्य परिवारों) राशन प्रदान की जा रही है। खाद्य सचिव टापेश्वर वर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में मॉडल शासकीय उचित मूल्य दुकान प्रारंभ करने की योजना की कार्य की जा रही है, इसके लिए तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए हैं। मॉडल उचित मूल्य दुकानों में राशन सामग्र्री के साथ अन्य उपभोक्ता वस्तुओं की बिक्री के अलावा बैंकिंग कॉरस्पोंडेंट आदि की सुविधा भी दी जाएगी। राशनकार्डों में



आधार सीडिंग की कार्यवाही की गई है। उचित मूल्य दुकानों के संचालन को आर्थिक रूप से अधिक लाभदायक बनाये जाने के लिए इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक, दूरसंचार विभाग, ऑयल कंपनियों तथा नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा दिए गए सुझाव अनुसार नवीन योजनायें उचित मूल्य दुकानों में लागू तैयारी की जा रही हैं। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत् 1 सदस्यीय प्राथमिकता वाले राशनकार्ड धारी को 10 किलो चावल प्रति माह, 2 सदस्यीय प्राथमिकता वाले राशनकार्ड धारी को 20 किलो प्रति माह, 3 से 5 सदस्यीय राशनकार्ड धारी को 35 किलो प्रमि माह तथा 5 से अधिक सदस्यीय वाले प्राथमिकता राशन कार्डधारी को 7 किलो प्रति सदस्य के हिसाब से प्रति माह राशन दिया जा रहा है। इसी प्रकार अन्त्योदय राशन कार्डधारी को 35 किलो चावल प्रति माह दी जा रही है। साथ ही मात्र 17 रूपए की सस्ते दाम पर 1 किलो शक्कर भी दिए जा रहें है। अनुसूचित क्षेत्रों में प्रति परिवार 2 किलो आयोडीन युक्त नमक तथा गैर अनुसूचित क्षेत्र में 1 किलो ग्राम आयोडीन युक्त नमक नि:शुल्क दिया जा रही है। वहीं अनुसूचित विकासखण्ड एवं माडा क्षेत्र के हितग्राहियों को प्रति माह मात्र 5 रूपए प्रति किलो की दाम पर 2 किलो चना वितरण भी किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि एकल निराश्रित और नि:शक्तजन राशनकार्डधारी को प्रतिमाह प्रति राशनकार्ड 10 किलो नि:शुल्क चांवल दी जा रही हैं। इसी प्रकार एक सदस्यीय एपीएल राशनकार्डधारी को 10 रूपए प्रतिकिलो के हिसाब से 10 किलो चावल, 2 सदस्यीय को 20 किलो चावल तथा 3 या अधिक सदस्यीय सामान्य राशनकार्डधारी को 10 रूपए प्रति किलो की दर से प्रतिमाह 35 चावल का दिए जा रहें है।

छत्तीसगढ़ में महिलाओं और बच्चों में कुपोषण और एनीमिया की स्थिति को दूर करने के मद्देनजर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में गत दिनों हुई राज्य मंत्री परिषद् की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब प्रदेश के सभी जिलों में फोर्टिफाइड चावल का वितरण होगा। फोर्टिफाइड चावल उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से राशनकार्डधारियों को अप्रैल 2023 से वितरण किया जाएगा। प्राथमिकता, अन्त्योदय, एकल निराश्रित, नि:शक्जन, श्रेणी के राशनकार्डधारियों को वर्तमान में दिए जा रहे सामान्य चावल के स्थान पर फोर्टिफाइड चावल मिलेगा।

सार्वभौम पीडीएस के तहत खाद्यान्न सुरक्षा के साथ-साथ पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा एनीमिया एवं अन्य पोषक तत्वों की कमी को दूर करने के लिए पाइलेट प्राजेक्ट के रूप में नवम्बर 2020 से कोण्डागांव जिले में फोर्टिफाइड चावल वितरण प्रारंभ किया गया है। वर्तमान में मध्यान्ह भोजन योजना तथा पूरक पोषण आहार योजना में प्रदेश के सभी जिलों में फोर्टिफाइड चावल का वितरण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राज्य के 10 आकांक्षी जिले (कोरबा, राजनांदगांव, महासमुंद, कांकेर, नारायणपुर, दंतेवाडा, बीजोपुर, बस्तर, कोण्डागांव, सुकमा) तथा 02 हाई बर्डन जिले (कबीरधाम एवं रायगढ़) में फोटिफाइड चावल का भी वितरण किया जा रहा है।

ज्ञात हो कि फोर्टिफाइड चांवल पोषक एवं स्वास्थ्यवर्धक है। यह आयरन, फोलिक एसिड, विटामिन बी-12 से युक्त होता है। इसमें मौजूद आयरन, फोलिक एसिड, विटामिन बी-12 जैसे पोषक तत्व बड़ो एवं बच्चों में खून की कमी नहीं होने देता है तथा खून निर्माण एवं तंत्रिका तंत्र के सही ढंग से कार्य में सहायक होता है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### घायल मजदूर की अस्पताल में मौत, फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ जुर्म दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** बोरझरा स्थित अलंकार कंपनी में काम करने के दौरान एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने कंपनी प्रबंधन के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक दसमी कुमार 31 वर्ष बोरझरा स्थित अलंकार कंपनी में काम करता था। बताया जाता है कि बुधवार को काम करने के दौरान दसमी कुमार के जांघ पर गरम सरिया घुस गया। जिससे उसे ईलाज के लिए सुयश अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में उरला पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। वहीं पुलिस ने फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### तीन दिवसीय लोक कला महोत्सव में बतौर मुख्यअतिथि के रूप में शामिल हुए गृहमंत्री

**रिसाली (आरएनएस)।** गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू माँ कल्याणी सीतला मन्दिर मरोदा टैंक रिसाली में आयोजित तीन दिवसीय छग लोककला महोतस्व के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।आयोजन समिति द्वारा गृह मंत्री का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया।श्री साहू ने कहा कि हम सब लोग भाई चारा व प्रेम बनाकर रखे।रिसाली क़ा समुचित विकास हो रहा है।कार्यक्रम की अध्यक्षता रिसाली महापौर शशि सिन्हा ने किया।विसेस अतिथि सभापति केशव बंछोर सहित अन्य पार्षद व एल्डरमेन थे।कार्यक्रम का संचालन शेलेन्द्र शैली व आभार प्रदर्शन पुन्नु यादव ने किया।

### तिरुपति बालाजी की रथयात्रा व महाआरती में शामिल हुए कैबिनेट मंत्री कवासी लखमा

**जगदलपुर (आरएनएस)।** रथयात्रा में शामिल एवं मोहदी पाट बाबा धाम में पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना किये। इसके साथ ही रथ यात्रा में शामिल हुए लोगों को मंत्री जी संबोधित करते हुए इस भव्य आयोजन के लिए बधाई एवं आशीष वचन दिए जिसमे आयोजक समिति को भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान संसदीय सचिव कुँवर सिंह निषाद, आयोजक समिति के सभी सदस्यगण, विभिन्न ग्रामों से आये श्रद्धालु भक्तगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### यज्ञ के साथ प्राकृतिक मिट्टी योगा व प्राकृतिक भोजन

**जगदलपुर (आरएनएस)।** पतंजलि योग परिवार के द्वारा प्राकृतिक मिट्टी योगा का आयोजन लुंकड़ जंगल आमा डोंगरी में रखा गया था प्राकृतिक मिट्टी स्नान के अलावा छ्ठकर्म के अंतर्गत जल नीति, चक्षु धोवन आदि सपरिवार किया गया व इसके साथ-साथ प्रकृति के शुद्धिकरण का एक बहुत बड़ा यज्ञ भी किया गया इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। प्राकृतिक मिट्टी योगा के आयोजन में प्राकृतिक चिकित्सा के अंतर्गत जल नेती चक्षु धवन मिट्टी-पट्टी स्नान आदि एवं प्राकृतिक वातावरण में पूर्ण प्राकृतिक भोजन फल खांडा मंडिया पेज, म_ा, अंकुरित अनाज, पपीता, जाम, बेर, गन्ना, लाई-लड्डू, जलेबी, पाचक, गटागट, पतंजलि बिस्कुट, केला, खिचड़ी, ककड़ी, पकोड़ा, दिव्य पेय की व्यवस्था किया गया था।

## कबीर आश्रम के 8 सदस्यों ने किया सामूहिक देहदान

**❑ प्रनाम के माध्यम से इस आश्रम के 116 सदस्य कर चुके हैं देहदान**

**भिलाई (आरएनएस)।** सामाजिक संस्था प्रनाम के माध्यम से निर्मल ज्ञान मंदिर ,कबीर आश्रम ,नेहरू नगर,भिलाई के 8 सदस्यों द्वारा एकसाथ देहदान किए जाने का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। देहदान करने वालों में चार दम्पत्ति शामिल है। जिन्होंने 3 दिवसीय दिव्य अध्यात्मिक सदज्ञान महोत्सव के दौरान आश्रम के आजीवन सदस्य और प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी की काउंसलिंग के माध्यम से विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के लिए देहदान किया! देहदान करने वाले दम्पत्तियों में रिसाली निवासी अशोक कुमार साहू उनकी पत्नी डिलीया साहू,मैत्री कुंज निवासी नरेन्द्र कुमार श्रवण और उनकी पत्नी मीना श्रवण,सौराबांधा धमतरी निवासी कृष्ण कुमार साहू और उनकी पत्नी सुनीति साहू ने एम्स रायपुर के नाम देहदान किया। इसी तरह सेक्टर-5 निवासी नंदकुमार और उनकी पत्नी डॉक्टर सुनीता साहू ने राजीव लोचन आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज चंदखुरी के नाम देहदान की वसीयतें जारी की।

कबीर आश्रम के प्रतिवर्ष स्थापना दिवस के खास मौके पर इस बार भी 54वें स्थापना दिवस देहदान हेतु विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया था। निर्मल ज्ञान मंदिर ,कबीर आश्रम ,नेहरू नगर से अभी तक प्रनाम के माध्यम से अभी तक आश्रम के कुल 116 सदस्यों द्वारा देहदान की मिसाल प्रस्तुत की जा चुकी है।

इनमें से 2 देहदानी स्व.वेदकुंवर साहू और स्व.केजाबाई साहू की पार्थिव काया मानवता के नाम चिकित्सा अध्ययन हेतु समर्पित की जा चुकी है। जबकि 2 अन्य देहदानियों की पार्थिव काया कोरोना संक्रमण काल के विषम हालातों के कारण दान नहीं की जा सकी।

देहदान करने वाले सभी 8 सदस्यों ने मंच पर उपस्थित संत अभय साहेब से सभी 8 देहदानियों द्वारा आशीर्वाद लेने के पश्चात् प्रनाम के पवन केसवानी को सौंपी। जिनका स्वागत आश्रम के सचिव आत्माराम साहू,उत्तम कुमार वर्मा,डॉ.हीरालाल साहू,प्रेमादास साहू,गौकरणलाल साहू,महेंद्र कुमार साहू,शिवकुमार साहू,फकीराराम साहू,रामाधार साहू,विनोद साव आदि के अलावा वहां उपस्थित सैकड़ों सत्ससंगियो ने किया।

## जुआ रेड में पकड़े गए 7 जुआरी से 1,10,500 रुपए नकद जब्त

**❑ जुआ रेड की पहली उम्दा कार्यवाही से थाना जूटमिल की शुरुआत**

**❑ थाना प्रभारी जूटमिल कमल किशोर पटेल के नेतृत्व में जूटमिल पुलिस की बेनीकुंज के मकान में जुआ रेड**



**रायगढ़।** चौकी से अपग्रेड होकर थाना बन नए थाना जूटमिल द्वारा क्षेत्र में जुआ, शराब व अवैधानिक कृतियों पर अंकुश लगाने की ओर कार्रवाई करते हुए जुआ रेड की बड़ी कार्यवाही से शुरुआत की गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा तथा सीएसपी अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर आज दोपहर 15:30 बजे थाना प्रभारी जूटमिल/साइबर सेल प्रभारी कमल किशोर पटेल को मुखबिर से सूचना मिली कि बेनीकुंज तिराहा दीप लाल निराला के घर पर जुआरियों का जमावड़ा लगा है जो 52 पत्ती ताश से रुपयों के दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर सुनियोजित तरीके से थाना प्रभारी कमल किशोर पटेल हमराह स्टाफ के साथ जुआ रेड कार्यवाही किया गया। मौके पर कुछ जुआरी पुलिस को देखकर जुआ फड़ से भागे। पुलिस टीम द्वारा मौके से 7 जुआरियों को रंगे हाथ पकड़ा गया है जिनके फड और पास से नगद रुपए रु.1,10,500 और ताश की गड्डी जप्त किया गया है। जुआ रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी एसआई कमल किशोर पटेल के साथ, प्रधान आरक्षक रामनाथ बनर्जी, आरक्षक धनुर्जय चंद्र बेहरा, विनय तिवारी, विक्रम सिंह, संतोष एक्का और आरक्षक शशि भूषण साहू की प्रमुख भूमिका रही है।

जुआ रेड में पकड़े गए जुआरी-

(1) दीप लाल निराला पिता बरसाती निराला 35 साल मौधापारा थाना जूटमिल

(2) रामू बंजारे पिता स्वर्गीय साधराम बंजारे उम्र 33 साल मौधापारा थाना जूटमिल

(3) मोहम्मद कलीम उर्फ गुड्डा पिता मोहम्मद शरीफ उम्र 48 साल बाजीराव पारा थाना जूटमिल

(4) मोहम्मद वसीम पिता बरकत मोहम्मद उम्र 36 साल जोगीडीपा थाना कोतवाली रायगढ़

(5) बंटी महिलाने पिता चमरू महिलाने 37 साल मौदहापारा थाना जूटमिल रायगढ़

(6) राम नारायण पटेल पिता डोरीलाल पटेल उम्र 48 साल कोतरारोड राजीव नगर थाना कोतवाली रायगढ़

(7) हामिद अली उर्फ शेरू पिता रमजान अली 45 साल मौदहापारा थाना जूटमिल रायगढ़

## जूटमिल बना रायगढ़ जिले का 16वां थाना, एसएसपी मीणा ने किया उद्घाटन






**रायगढ़।** थाना सिटी कोतवाली का चौकी जूटमिल उन्नयन होकर जिले का नया पुलिस थाना बना है। इसके बनने से जिले में थाना अजाक और ट्रैफिक सहित अब थानों की संख्या 16 हो चुकी है। जिले में अब 16 थानों के साथ 3 पुलिस चौकी- चौकी रैरूमाखुर्द, चौकी खरसिया और चौकी जोबी हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा ने नये पुलिस थाना जूटमिल का फीता काटकर, पूजा अर्जन कर विधिवत उद्घाटन किये। जूटमिल के जवानों द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को सलामी दी गई। इस दौरान एसएसपी मीणा थाने के रोजनामचा में कार्यवाही संचालन की पहली रोचनामचा रिपोर्ट अपने हाथों से लेख किया गया। इस थाने में प्रस्तावित तहत 32 गांव/वार्डों को शामिल किया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीणा बताये कि थाना कोतवाली में दर्ज एक तिहाई से अधिक अपराध जूटमिल से संबंधित होते थे, पिछले साल थाना कोतवाली में 1794 अपराध दर्ज किये गये थे जिसे देखते हुए जिला पुलिस कवायद चला रही थी कि पुलिस चौकी जूटमिल को थाना बनाया जाए जिसके लिए राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा गया था। अंततः गृह विभाग (पुलिस) छत्तीसगढ़ से 9 जनवरी 2023 को प्रस्ताव को हरी झंडी मिली है और आज पुलिस थाना का विधिवत उद्घाटन किया गया। नए थाना बनने से यहां के लोगों को बड़ी सहूलियत और सुविधाएं मिलेगी। नये थाने में अब एफआईआर, सीसीटीएनएस कार्य सुचारू रूप से संचालित होगा। दर्ज अपराध, शिकायतों की जांच यहीं से होगी। जल्द ही जूटमिल थाने को और अधिक बल और संसाधन उपलब्ध कराया जाएगा। संसाधन और बल उपलब्ध होने से असामाजिक तत्व पर कसावट लाया जावेगा और अपराधों में कमी आयेगी। थाना अनुरूप स्टाफ बढ़ने से क्राईम पर पुलिस और प्रभावी रूप से कार्रवाई करेगी। कम्प्यूटर और सीसी कैमरे से लैस थाना जूटमिल में आज से एफआईआर आदि कार्य शुरू हो जाएगा। नए थाने में पहले थानाध्यक्ष के रूप में उपनिरीक्षक कमल किशोर पटेल सहित 54 पुलिसकर्मियों की तैनाती है। थाने के उद्घाटन अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खरसिया निमिषा पाण्डेय, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा, डीएसपी निकिता तिवारी, सीएसपी अभिनव उपाध्याय, रक्षित निरीक्षक अमरजीत खुंटे, शहर के सभी थाना प्रभारी सहित जिले के पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

## राजिम में किसान तिरंगा रैली की तैयारी, 26 को प्रदर्शन

**रायपुर (आरएनएस)।** संयुक्त किसान मोर्चा दिल्ली के देशव्यापी आह्वान पर सभी फसलों और सभी किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी के लिए दूसरे चरण के किसान आंदोलन की तैयारी है. हर किसान को न्यूनतम समर्थन मूल्य का संदेश के साथ 26 जनवरी को सुबह कृषि उपज मंडी राजिम से किसान तिरंगा ट्रेक्टर रैली निकलेगी. यह रैली नयापारा और राजिम नगर का भ्रमण करेगी.

साल भर न्यूनतम गारंटी की मांग : अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा के सचिव तेजराम विद्रोही ने बताया कि सभी फसलों और सभी किसानों को साल भर न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी का मूलभूत अधिकार है. कोई भी कंपनी जब अपना माल या सामान तैयार करती है तो वह बाजार में बेचने के लिए उसका एक अधिकतम खुदरा मूल्य निर्धारित करती है. इसे एमआरपी कहते हैं. इस एमआरपी में उपभोक्ताओं को लगने वाला टैक्स भी शामिल रहता है. इस मूल्य पर वस्तु/ उत्पाद बेचकर कंपनी अपना मुनाफा कमाती है. इसके साथ ही बेचने वाले को भी उसका लाभ मिल जाता है.

लेकिन किसानों को अपने उत्पादन किये फसल का मूल्य निर्धारण का अधिकार नहीं है. यही नहीं जिन फसलों का सरकार खुद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) निर्धारित करती है, वह दाम भी किसानों को नहीं मिलता है।

## पेड़ से टकराने से कार में लगी आग, जिंदा जल गए कार सवार

**❑ जली कार से बरामद हुए सिर्फ कंकाल**

**पेंड्रा (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के पेंड्रा म् सडक़ हादसे की बड़ी घटना सामने आई है।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार देर रात बिलासपुर जिले के रतनपुर थाना क्षेत्र में एक कार पेड़ से टकराई और उसके बाद उसमें भयानक आग लग गई। कार सवारों को बाहर निकलने का भी मौका नहीं मिला। राहगीरों ने बचाने का प्रयास किया लेकिन कुछ नहीं हो सका। घटना स्थल पर पहुंचने के बाद पुलिस ने फायर ब्रिगेड की सहायता से आग पर काबू पाया लेकिन तब तक पूरी कार चलकर राख हो चुकी थी। कार के अंदर केवल नरकंकाल बरामद हुआ।



**पेड़ से टकराने के बाद लगी आग**

जानकारी के अनुसान यह दर्दनाक हादसा रतनपुर-पेंड्रा मार्ग के ग्राम खैरा और पोड़ी के बीच स्थित देसी मसाला दुकान के पास हुआ। घटना रात 1 से 2 के बीच की बताई जा रही है। रतनपुर से पेंड्रा जाने वाले रोड़ पर कार क्रमांक छ्त्र 10 क्व्ष्ठ 7861 अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि देखते ही देखते कार में आग लग गई। कार में सवार लोगों को बाहर निकलने का भी मौका नहीं मिला। सभी कार सवार जिंदा ही जल गए।

**कार के रजिस्ट्रेशन नंबर से पतासाजी**

पुलिस कहना है कि कार नंबर के अनुसार रजिस्ट्रेशन किसी शहनवाज के नाम पर है। वहीं मरने वालों में दो युवक और एक युवती के शामिल होने की बात कही जा रही है। कार शाहनवाज खान के नाम से रजिस्टर्ड है। मृतक दो युवकों में एक का नाम अभिषेक कुर्रे बताया जा रहा है। वहीं दूसरा युवक पत्रकार बताया जा रहा है। कार सवार युवती भिलाई की रहने वाली बताया जा रहा है।

## 65 किलो चांदी की बिस्किट के साथ युवक गिरफ्तार

**❑ जीआरपी ने जब्त किया चांदी चांपा से लेकर जा रहा था मथुरा**

**बिलासपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के जीआरपी ने बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर हीराकुंड एक्सप्रेस से एक युवक को 65.9 किलो चांदी की बिस्किट गिरफ्तार किया है। युवक जांजगीर चांपा के ज्वेलर्स के यहां काम करता है और बैग में छिपाकर यह चांदी मथुरा लेकर जा रहा था। जीआरपी ले चांदी जब्त कर लिया। जब्त चांदी की कीमत 36 लाख रुपए से ज्यादा की बताई जा रही है। फिलहाल इस मामले में पूछताछ जारी है।



मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात को गश्त के दौरान बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर जीआरपी को बड़ी सफलता मिली। जीआरपी को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि हीराकुंड एक्सप्रेस में बड़ी मात्रा में चांदी की स्मगलिंग हो रही है। मुखबिर ने यह भी बताया कि स्मगर बी-3 कोच में बैठा है। सूचना के बाद जीआरपी ने बिलासपुर स्टेशन पहुंचते ही हीराकुंड एक्सप्रेस बी-3 कोच में तलाशी शुरू की। जीआरपी ने बी-3 कोच के बर्थ नंबर- 40 पर बैठे संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया।

पूछताछ में युवक ने अपना नाम सौरभ चौधरी (21) बताया है। जीआरपी ने जांच की तो इस चांदी के एवज में कोई भी वैध रसीद या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद जीआरपी युवक को थाने लेकर पहुंची। यहां पर बैग की तलाशी लेने पर उसमें भारी मात्रा में चांदी के बिस्किट भरे थे। पुलिस यह देख हैरान रह गई। वजन कराने पर चांदी के बिस्किट का वजन 65 किलो 900 ग्राम चांदी के बिस्किट भरे थे। युवक ने यह भी बताया कि वह चांपा के सोनार पारा स्थित एक ज्वेलर्स का कर्मचारी है। ज्वेलरी दुकान के संचालक सुनील सोनी और अनिल सोनी को सूचना देने पर वे भी जीआरपी थाने पहुंचे। उनके पास भी चांदी के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले। फिलहाल इस पूरे मामले में जीआरपी जांच कर रही है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480